जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/2015/2031 दिनांक 19/03/2015

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि बी.एड. परीक्षा सत्र 2014–15 (एम.पी. ऑनलाईन भोपाल द्वारा प्रवेशित छात्रों हेतु) नियमित/भूतपूर्व परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की संशोधित तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

1.	नियमित शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालयों में प्रस्तुत करने की तिथि	–	30.03.2015
2.	रूपये 500/– विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन–पत्र महाविद्यालयों में प्रस्तुत करने की तिथि	–	04.04.2015
3.	महाविद्यालय से चालान के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	–	06.04.2015

<u>परीक्षा आवेदन–पत्र संबंधी विशेष दिशा–निर्देश</u> :–

(1) एम.पी. ऑनलाइन भोपाल द्वारा प्रवेशित परीक्षार्थियों की प्राप्त सूची के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय के लॉगिन में परीक्षार्थियों के नाम के साथ ऑनलाइन भेज दिये गये हैं, जहाँ से संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन–पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थियों से आवेदन–पत्र भरवायें। साथ ही परीक्षा आवेदन–पत्रों की एक प्रति आवश्यक प्रमाण–पत्रों

सहित विश्वविद्यालय कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करायें।

(2) परीक्षा शुल्क का विवरण –

परीक्षा	नियमित	भूतपूर्व
बी0एड0 (सत्र् 2014–15)	1775/–	2075/–
इसके अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, 80/–रू0 भूतपूर्व परीक्षार्थी एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू0 तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/–रू0 प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है, जिसमें से 110/– रुपये की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान महाविद्यालय द्वारा छात्रों से लिया जावेगा।		

(3) बी.एड. (सत्र् 2014–15) परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं, जिन्हें विश्वविद्यालय की बेवसाइट

www.mponline.com से डाउनलोड कर परीक्षा शुल्क चालान द्वारा एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क सेन्टर में जमा करें।

........2

(4) बी.एड. परीक्षा के आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा तभी स्वीकार किये जायेंगे, जब आवेदन–पत्रों के साथ आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा जारी छात्र का सीट आवंटन पत्र (Seat Allotment Letter) की प्रमाणित प्रति संबंधित अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अग्रेषित कराकर संलग्न करें।

(5) परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ समस्त अर्हतादायक परीक्षा की अंकसूचियां अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अंकसूचियों संलग्न न होने के अभाव में परीक्षा आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र एवं महाविद्यालय का होगा।

(6) किसी भी छात्र/छात्रा का परीक्षा आवेदन–पत्र उसी स्थिति में अग्रेषित करें, जब वह आंतरिक परीक्षा एवं शैक्षणिक शिक्षण परीक्षा में उत्तीर्ण हो तथा छात्र/छात्रा की नियमानुसार उपस्थिति पूर्ण हों वही छात्र/छात्रा आवेदित कक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता हैं, पात्रता न रखने की स्थिति में छात्र/छात्रा का आवेदन–पत्र स्वतः निरस्त माना जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर इस निवदेन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचार में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य, सम्बद्ध शासकीय शिक्षा महाविद्यालय एवं अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ निर्देशित कि कृपया उक्त अधिसूचना को अपने महाविद्यालय के सूचना–पटल पर छात्रों के सूचनार्थ चस्पा करायें और अधिसूचना में अंकित निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन–पत्रों को ऑनलाइन अपडेट कराकर विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. इंचार्ज, पूछताछ कक्ष/सूचना पटल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. इंटरनेट इंचार्ज, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)